हिण्डौन जेल से दिनदहाड़े छत से कूदकर कैदी फरार हुआ

कैदी ने पेड़ का सहारा लिया और ऊंची दीवार लांघकर बाहर कूद गया

- महज दो दिन पहले ही जुआ-सट्टे के मामले में जेल में आया था कैदी
- पुलिस और जेल प्रशासन में हड़कम्प मचा, घटनास्थल का मौका मुआयना किया

हिण्डौन सिटी, (निसं)। उपकारागृह से गुरुवार सुबह एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने जेल की सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। महज दो दिन पहले जेल की सलाखों के पीछे पहुंचे एक विचाराधीन बंदी ने दिनदहाड़े जेल प्रशासन को चकमा दिया और छत के रास्ते कूदकर फरार होने में सफल रहा। इस फरारी के बाद जेल महकमे से लेकर पुलिस प्रशासन तक में हडकंप मच गया है और पूरे इलाके में नाकाबंदी कर कैदी की तलाश शुरू कर दी गई है। घटना सुबह करीब 11 बजे की है, जब जेल परिसर के चौक में रोजमर्रा की तरह सफाई का कार्य चल रहा था।

जानकारी के अनुसार टोडाभीम के काजीपाड़ा निवासी शकील खान, जिसे हाल ही में 20 जनवरी को जुआ-सट्टे के मामले में जेल भेजा गया था, चौक में झाड़ू लगा रहा था। इसी दौरान सुरक्षाकर्मियों की नजर बचाकर शकील खान ने गच्चा दिया और फुर्ती से छत पर जा चढ़ा। वहां से उसने पास ही स्थित एक पेड़ का सहारा लिया और ऊंची दीवार लांघकर बाहर कूद गया। जब तक जेल प्रहरियों को भनक लगती, बंदी उनकी नजरों से ओझल हो चुका था। मामले की गंभीरता को देखते हुए हिण्डौन सिटी के प्रशासनिक और पुलिस अमले ने मोर्चा संभाल लिया है। सूचना मिलते ही एसडीएम हेमराज गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह और डीएसपी मनीष कुमार मीणा तुरंत मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह ने आधिकारिक पुष्टि करते हुए बताया कि बंदी शकील खान ने पेड़ के सहारे उतरकर भागने का रास्ता चुना। फिलहाल पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कर दी गई हैं जो संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। जेल जैसी संवेदनशील जगह से एक बंदी का इस तरह भाग निकलना सुरक्षा पर बड़े सवाल खडे करता है।

प्रशासन अब इस बात की भी जांच कर रहा है कि क्या इस फरारी में बंदी को किसी बाहरी व्यक्ति की मदद मिली थी या फिर यह जेल प्रहरियों की लापरवाही का नतीजा है। फिलहाल पुलिस की प्राथमिकता शकील खान को जल्द से जल्द दोबारा सलाखों के पीछे पहुंचाना है।

अजमेर में संदिग्ध मिलावटी 315 किलो घी जब्त

अजमेर, (कासं)। "शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान" के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग ने पड़ाव बाजार अजमेर में बड़ी कार्रवाई करते हुए संदिग्ध मिलावटी घी जब्त किया है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय जयपुर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर के निर्देशों की अनुपालना में की गई।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने संत कंवरराम धर्मशाला के पीछे स्थित एक प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया, जहां मेवाड़ ब्रांड का घी पंद्रह किलोग्राम के टिनों में बिक्री के लिए रखा गया था। घी का विक्रय मूल्य बाजार दर से काफी कम पाया गया, जिससे उसमें मिलावट की आशंका हुई। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नमूने लेकर शेष लगभग तीन सौ पंद्रह किलोग्राम घी को सीज कर दिया गया।

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
जोधपुर 342304, राजस्थान, भारत

ई-निविदा 22/2025-26

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा Lab Equipment for CDFT Jodhpur की खरीद के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN No.: JAU2526GLOB00184
EPROC ID: 2026_AGUJD_529563_1

राज.संवाद/सी/25/18240 नियंत्रक (वित्त)

कार्यालय नगर पालिका मण्डल केशवराय पाटन जिला - बून्दी (राज0)
npalika3@gmail.com ph.no. 07438-264346

क्रमांक :- न0पा0के0पा0/2025-26/4068-70 दिनांक :- 09.01.2026

ई निविदा सूचना संख्या ...../2025-26

नगर पालिका के0पाटन द्वारा कार्यो हेतु पालिका मे पंजीकृत एंव अन्य विभागो में AA,A,B,C, Class श्रेणी के संवेदको से द्विलिफाफा पद्धति/ई-निविदा पद्धति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 15.01.2026 समय प्रातः 10.00 बजें से तथा अपलोड़ करने की दिनांक 30.01.2026 प्रातः 09.00 बजे तक निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

W. No.	UBN NO.	Tender cost
1	DLB2526WSOB30616	46.87 Lacs
2	DLB2526WSOB30617	

राज.संवाद/सी/25/18221 अध्यक्ष नगर पालिका के0पाटन — अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका के0पाटन

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, WATER RESOURCES CIRCLE, JHALAWAR
No.:- S.E./WR./Circle/Jwr/NIT/2025/7129-57 Date:- 13/01/2026

E-NIT No. 02/2025-26

On Behalf of The Governor of Rajasthan, e-tender is invited from interested bidders for the work for Construction of Bitumen Road with VRB for approach to connect Nolai & Nolai ka Kheda under Gagrin MIP Tehsil Pachpahar District Jhalawar" for Completion period of 06 Months (Including Rainy Season) (Estimated Cost Rs. 179,99,919/-) from 16.01.2026 (9:30 AM) to 26.01.2026 (06:00 PM). Other particulars, terms & conditions may be seen on the procurement portal
www.eproc.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in,
http://sppp.rajasthan.gov.in & www.waterresources. rajasthan.gov.in
NIB Code-WRD2526A0622
UBN-WRD2526WSOB0213

Superintending Engineer
Water Resources Circle,
Jhalawar
DIPR/C/842/2026

श्रीगंगानगर : प्राइवेट टांटिया यूनिवर्सिटी की फर्जी वेबसाइट बनाई, आरोपी गिरफ्तार

- पंजाब के सर्वजीत सिंह ने यूनिवर्सिटी की फर्जी वेबसाइट बनाकर छात्रों से ठगी की
- यूनिवर्सिटी प्रशासन का आरोप है कि वेबसाइट बनाने वाले पंजाब के सर्वजीत सिंह ने फर्जी डिग्रियां भी बांटी
- पुलिस का कहना है कि इस गिरोह में कई और लोग शामिल हैं, जिनकी पूछताछ की जा रही है

श्रीगंगानगर, (निसं)। यहा प्राइवेट टांटिया यूनिवर्सिटी की फर्जी वेबसाइट बनाकर छात्रों से ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन का आरोप है कि वेबसाइट बनाने वाले पंजाब के सर्वजीत सिंह ने फर्जी डिग्रियां भी बांटी हैं। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने इसकी जांच की थी। गुरुवार को श्रीगंगानगर पुलिस ने पंजाब से सर्वजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से मिले लेपटॉप, मोबाइल व संदिग्ध डेटा भी जब्त किया गया है।

सीओ सिटी विशाल जांगिड़ ने बताया कि पिछले साल 2025 में टांटिया यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि उनकी आधिकारिक वेबसाइट से लगभग एक जैसी फर्जी वेबसाइट बनाई गई है। दोनों साइटों में सिर्फ मामूली स्पेलिंग का अंतर है, जिससे छात्र भ्रमित होकर फर्जी साइट पर चले जाते थे।

फर्जी वेबसाइट पर प्रवेश परीक्षा, एडमिट कार्ड, परीक्षा परिणाम, मार्कशीट, माइग्रेशन सर्टिफिकेट और अन्य दस्तावेजों की भ्रामक जानकारी डाली जा रही है। आरोपी फर्जी डिप्लोमा और डिग्रियां जारी कर रहे हैं और ऑनलाइन वेरिफिकेशन का झांसा देकर छात्रों से फीस वसूल रहे हैं। इससे यूनिवर्सिटी को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ प्रतिष्ठा को भी नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान सर्वजीत सिंह उर्फ जॉनी निवासी मुक्तसर साहिब (पंजाब) के रूप में हुई है। वह इस फर्जी वेबसाइट का संचालन कर रहा था। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह में कई और लोग शामिल हैं, जिनकी पूछताछ की जा रही है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया जाएगा।

युवक की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

- सायबर टीम ने लोकेशन ट्रेस कर पकड़ा, दूसरे राज्य में मजदूरी की आड़ में फरारी काट रहे थे

देशनोक, (निसं)। यहां हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा गंभीर मामलों में वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है।

जानकारी अनुसार घटना 29-30 नवंबर 2025 की रात की है। देशनोक निवासी अशोक कुमार का अपहरण कर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की थी। गंभीर चोटों के कारण उपचार के दौरान अशोक कुमार की मौत हो गई थी। इस संबंध में देशनोक पुलिस थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पता चला कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे। वे गिरफ्तारी से बचने के लिए मुंबई, नई दिल्ली, गुड़गांव, पुणे, अहमदाबाद और गांधीनगर सहित कई शहरों में फरारी काट रहे थे। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बीकानेर ने 5-5 हजार का इनाम भी घोषित किया था।

थानाधिकारी, पुलिस थाना देशनोक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने तकनीकी सहायता और सायबर सेल के सहयोग से लगातार प्रयास करते हुए आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की। अंततः पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों ओमप्रकाश पुत्र केशुराम निवासी पांचू और नरसीराम पुत्र बचनराम उर्फ रतनाराम निवासी लक्ष्मणनगर) को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी कॉर्पोरेट और मजदूरी का काम करने की आड़ में फरारी काट रहे थे। पुलिस ने उनसे गहन पूछताछ शुरू कर दी है और मामले में आगे का अनुसंधान जारी है। इस पूरी कार्रवाई में देशनोक पुलिस थाना टीम और सायबर सेल बीकानेर सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

राजस्थान सरकार
कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर
स्वास्थ्य भवन, त्यागी वाटिका, जेल वैल, बीकानेर
फोन 0151-2201142, email-eemhbikaner@ymail.com

क्रमांक-EE/M&H/BKN/2025-26/3106 दिनांकः- 8/1/2086

ई- टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्याः- 59/2025-26

निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बीकानेर में कुल रू. 243.13 लाख के 01 कार्य उप जिला अस्पताल पर विद्युत कार्य हेतु निविदा में बताये अनुसार श्रेणी के संवेदको के समकक्ष उपर्युक्त विद्युत श्रेणी मे सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे / एमईएस इत्यादि मे पंजीकृत संवेदको जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त विद्युत श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.org http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN-NRH2526WJ0B02181
DIPR/C/829/2026
(शिम्भू राम जाटव) अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग बीकानेर

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग विद्युत खण्ड भरतपुर
निविदा सूचना सं. 09/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से मय दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरियड) शर्त सहित सा.नि.वि. विद्युत राजस्थान जयपुर में उपयुक्त विद्युत श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।
निविदा से संबधित विवरण इन्टरनेट साईट www.pwd.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in पर एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है।

S.No.	NIB No.	UBN No.
1	PWD2526A5089	PWD2526WSOB20461
2	PWD2526A5089	PWD2526WSOB20462
3	PWD2526A5089	PWD2526WSOB20463
4	PWD2526A5089	PWD2526WSOB20465
5	PWD2526A5089	PWD2526WSOB20466
6	PWD2526A5089	PWD2526WSOB20467
7	PWD2526A5089	PWD2526WSOB20468
8	PWD2526A5089	PWD2526WSOB20469
9	PWD2526A5089	PWD2526WSOB20470
10	PWD2526A5089	PWD2526WSOB20471
11	PWD2526A5089	PWD2526WSOB20472
12	PWD2526A5089	PWD2526WSOB20473
13	PWD2526A5089	PWD2526WSOB20474
14	PWD2526A5089	PWD2526WSOB20475
15	PWD2526A5089	PWD2526WSOB20476

DIPR/C/789/2026
अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि विद्युत खण्ड
भरतपुर

राजसमन्द में युवक की पीट-पीटकर हत्या

राजसमन्द, (निसं)। जिले के रेलमगरा थाना अन्तर्गत चौकड़ी गांव में गुरुवार दोपहर एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां ट्रक ड्राइवर और ग्रामीणों ने मिलकर कार सवार युवक की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी। बीच-बचाव में आए उसके एक दोस्त के साथ भी मारपीट की गई, जबकि तीसरा युवक जान बचाकर मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार मदारा गांव निवासी महेंद्र कुमार भील (30) अपने दोस्त पवन सिंह और एक अन्य साथी के साथ कार में सवार होकर जा रहा था। इसी दौरान चौकड़ी गांव में एक ट्रक ड्राइवर से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि ट्रक ड्राइवर ने मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते कुछ ग्रामीण भी वहां एकत्र हो गए और ड्राइवर के साथ मिलकर कार सवार युवकों पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने कार में जमकर तोड़फोड़ की और शीशे तोड़ दिए। इस दौरान महेंद्र कुमार भील की बेरहमी से पिटाई की गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पवन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि तीसरा युवक जान बचाकर घटनास्थल से भाग गया। घायल पवन सिंह को पहले रेलमगरा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए राजसमंद स्थित आरके अस्पताल रेफर किया गया।

पिकअप से कार टकराई, एक युवक की मौत

- तीन गंभीर घायल, इंदौर से माउंट आबू जा रहे थे चार दोस्त

डूंगरपुर, (निसं)। सागवाड़ा थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में इंदौर निवासी एक युवक की मौत हो गई। यह दुर्घटना सागवाड़ा बायपास पर हडमाला मोड़ के पास बुधवार रात को हुई, जहां एक कार सड़क किनारे खड़ी पिकअप से टकरा गई। हादसे में तीन अन्य दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, इंदौर के रहने वाले चार दोस्त शांतनु यादव, मोहित मौर्य, यश यादव और पवन अपनी कार से इंदौर से माउंट आबू जा रहे थे। बांसवाड़ा-डूंगरपुर नेशनल हाइवे 927 पर सागवाडा बायपास स्थित हडमाला मोड़ पर उनकी कार सड़क किनारे खडी एक पिकअप से जा टकराई। इस भीषण टक्कर में शांतनु यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उनके तीन दोस्त मोहित मौर्य, यश यादव और पवन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को सागवाडा अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें आगे रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक शांतनु यादव के शव को सागवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों के पहुंचने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर उन्हें सौंप दिया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अशोक गहलोत पर हमला बोला

- पूर्व मुख्यमंत्री के पीएसओ की भूमिका पर सभी का ध्यान है, किसी को बख्शा नहीं जाएगा
- 'कांग्रेस के लोगों को चश्मा बदलवाना चाहिए ताकि उन्हें राजस्थान का विकास दिखे'

सिरोही, जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सिरोही में ग्राम उत्थान शिविरों के उद्घाटन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को करारा जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में आयोजित हुए पेपरों की ओएमआर शीट में बदलाव हुए। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री के घर तक भी जा रही है। मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आइना दिखाते हुए कहा कि उनके पीएसओ की भूमिका क्या थी, इस पर सभी का ध्यान है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के लोगों को अपना चश्मा बदलवाना चाहिए, जिससे उन्हें राजस्थान का विकास दिखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राज में कई इलाकों में पलायन के पोस्टर लगते थे और लोगों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ता था। इस बारे में हमारी केबिनेट ने कल अशांत क्षेत्र कानून लाने का फैसला किया है। कांग्रेस इस बिल से परेशान है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा झूठ बोलती है और झूठ का रास्ता अपनाती है। एसआईआर के नाम पर कांग्रेस लोगों को बहकाने का काम कर रही है। कांग्रेस सरकार में लगातार पेपरलीक होते थे। हमारी सरकार में कोई भी पेपरलीक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तो ऐसे हैं जिन्हें सिर्फ बोलना होता है लेकिन क्या बोलना है, किसके बारे में बोल रहे हैं, उनको यह पता ही नहीं होता।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जमाना है, जनता किसी भी तरह की चिंता नहीं करे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने जहां भी घोटाले किए हैं और प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा किया है, किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

Rajasthan Water Grid Corporation Limited
(Formerly known as "Eastern Rajasthan Canal Project Corporation Limited")
Sinchai Bhawan, JLN Marg, Jaipur 302017, Tel: 0141-2700669 Email: ceercpc@gmail.com

No. :- 7889 Date :- 19/01/2026

NIB No. RWGCL/50/2025-26

Name of Work : - Supply and installation of IT Equipment's under ERCPCL Jaipur with 3 year Comprehensive Warranty of Balance item

Corrigendum 01

Sr. No.	Reference /Clause No. Page Number Of Bid Document	As Read	Now to be read as
1	Document Download End Date	19.01.2026 at 6:00 PM	27.01.2026 at 6:00 PM
2	Tender Submission End Date	19.01.2026 at 6:00 PM	27.01.2026 at 6:00 PM
3	Physical submission of Tender fee, Processing fee, and Bid Security in the Office of the MD RWGCL, Sinchai Bhawan Jaipur	20.01.2026 at 2:00 PM	28.01.2026 at 2:00 PM
4	Date of opening of Technical bid	20.01.2026 at 03:00 PM	28.01.2026 at 03:00 PM

Note: - All term and conditions will remain same.
NIB no: - ERP2526A0056, UBN no: -ERP2526GLOB00063
Raj.Samwad/C/25/18245 Managing Director RWGCL Jaipur

राजस्थान सरकार
कार्यालय निदेशक, पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग, राजस्थान जयपुर
(दूरभाष नं. 0141-2820360, email-dirarch@rajasthan.gov.in)
क्रमांक : पु.सं./स्मा./बुक शॉप/आमेर/2026/513 दिनांक :- 09/01/26

निविदा सूचना

राजकीय संग्रहालय व महल आमेर में पर्यटकों को सुविधार्थ बुक शॉप की उपलब्धता एवं संचालन के लिए इच्छुक और पात्र कंपनी / फर्म/व्यक्तियों/ से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। बोली का विस्तृत विवरण http://museumsrajasthan.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। AMD2526SLOB00097
DIPR/C/803/2026 निदेशक

1.1 Abridged NIB
OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER, WATERSHED DEVELOPMENT & SOIL CONSERVATION, PANCHAYAT SAMITI, BARI
File no. 731 Date: 15/01/2026

NOTICE INVITING BID
NIT NO 04/2025-26
NIB No. WSC2526A1330 YEAR 2025-26

Bids for Construction of NRM works- Recharge shaft, anicut Renovation and anicut nirman karya (01 Package) of total estimated value INR 54.18 lacs under PMKSY-2.0 Block Baseri Distt. Dholpur are invited from interested bidders up to Date 26-01-2026 time at 06.00 PM Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/)
UBN: WSC2526WSOB02326

(Smt km anisa)
EXECUTIVE ENGINEER
WATERSHED DEVELOMENT & SOIL CONSERVATION
P.S. BARI
DIPR/C/1113/2026

1.1 Abridged NIB
OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER, WATERSHED DEVELOPMENT & SOIL CONSERVATION, PANCHAYAT SAMITI, BARI
File no. 722 Date: 15/01/2026

NOTICE INVITING BID
NIT NO 03/2025-26
NIB No. WSC2526A1329 YEAR 2025-26

Bids for Construction of NRM works- PT with safety wall, talaab renovation and ECD (01 Package) of total estimated value INR 48.75 lacs under PMKSY-2.0 Block Bari Distt. Dholpur are invited from interested bidders up to Date 26-01-2026 time at 06.00 PM Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/)
UBN: WSC2526WSOB02324

(Smt km anisa)
EXECUTIVE ENGINEER
WATERSHED DEVELOMENT & SOIL CONSERVATION
P.S. BARI
DIPR/C/1111/2026

नये रेग्यूलेशन का स्वागत

जयपुर। कॉलेज, विश्वविद्यालय एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों पर प्रभावी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु) विनियम 2026 13 जनवरी से लागू हो गया है, जिसका राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक ने स्वागत किया है। इसका मुख्य उद्देश्य शैक्षिणक परिसरों में जाति, जेंडर सहित सामाजिक भेदभाव को समाप्त करना और सभी छात्रों व कर्मचारियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना है।

संगठन के प्रदेश संयोजक प्रो. रमेश बैरवा ने बताया है कि यदि निष्ठा व निष्पक्षता से लागू किया गया तो यूजीसी का नया रेग्युलेशन उच्च शिक्षण संस्थानों में बढ़ते जातिगत, जेंडर आधारित भेदभाव एवं उत्पीड़न की घटनाओं पर इससे कारगर रोक लग पाएगी। रुक्टा डेमोक्रेटिक गत कई वर्षों से उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न पर रोक के नियमों को कठोरता से लागू करने की मांग उठाता रहा है। 2026 का यह नियम यूजीसी के वर्ष 2012 की समता संवर्धन के विनियम का अद्यतन रूप है। वर्ष 2012 का विनियम सिर्फ छात्रों के साथ होने वाले भेदभाव पर लागू था लेकिन 2026 का यह नया रेग्युलेशन सिर्फ विद्यार्थी ही नहीं शिक्षक एवं अशैक्षिणक स्टाफ पर भी लागू है।

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
झलकारी बाई स्मारक के पास पंचशील-लोहागल मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145-2429971, 2429920

क्रमांक :-MEW/2025-26/1847 दिनांकः- 16.01.2026

:: ई-निविदा सूचना संख्या 53/2025-26 ::

नगर निगम अजमेर की ओर से नगर निगम अजमेर एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो (निविदा पात्रता पंजीकरण के नियमो के अनुसार मान्य) जो निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन ईनिविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा कार्यो की कुल लागत	राशि 54.76 लाख (03 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि	Date 17.01.26 से 27.01.26 को 6.00 PM तक
Technical निविदा खोलने की तिथि व समय	Date 28.01.26 को 11:00AM पर
Financial निविदा खोलने की तिथि	सफलतम निविदादाता को उचित माध्यम के द्वारा सूचित कर दिया जावेगा।

विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं नगर निगम के निर्माण विभाग के कार्यालय में भी देखी जा सकती है।
Nib Code :-ANN2526A0203

S.No.	UBN No.	S.No.	UBN No.
1	ANN2526WSOB00260	2	ANN2526WSOB00261
3	ANN2526WSOB00262		

राज.संवाद/सी/25/18258 अधिशाषी अभियन्ता नगर निगम अजमेर

11वीं के छात्र ने आत्महत्या की

डूंगरपुर, (निसं)।दोवड़ा थाना क्षेत्र के खेमपुर गांव में 11वीं कक्षा के एक छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव घर से कुछ दूरी पर खेत में एक पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोवड़ा थाने के हेड कांनिस्टेबल ने बताया कि खेमपुर निवासी एक व्यक्ति ने मामला दर्ज कराया है।

दुष्कर्म प्रकरण में दलित अधिकार केंद्र सक्रिय

मांगलियावास, (निसं)। पीसांगन थाना क्षेत्र में दलित समाज की नाबालिग बालिका के साथ हुए दुष्कर्म के गंभीर मामले को लेकर दलित अधिकार केंद्र ने संज्ञान लेते हुए सक्रिय भूमिका निभाई है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर दलित अधिकार केंद्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमंत मीमरौठ ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना, नई दिल्ली को पत्र भेजकर मामले में हस्तक्षेप करते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की है।

दलित अधिकार केंद्र की ओर से पुलिस के उच्च अधिकारियों को भी घटना की जानकारी देते हुए निष्पक्ष जांच कराने तथा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि मामला दर्ज हुए लगभग पंद्रह दिन बीत जाने के बावजूद अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। पत्र में बताया गया है कि आरोपी शरीफ शेख प्रभावशाली व्यक्ति बताया जा रहा है, जिसके कारण पीड़ित परिवार पर दबाव बनाया जा रहा है। इसे देखते हुए दलित अधिकार केंद्र ने अजमेर पुलिस महानिरीक्षक तथा राज्य सरकार के गृह मंत्री को भी पत्र प्रेषित कर केंद्रीय जांच एजेंसी से जांच कराने, लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की भूमिका की जांच करने तथा पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की है।

कृषि महाविद्यालय, नौगांवा, जिला-अलवर
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

क्रमांक :- प.( )/स्टोर/ई-बिड/कृ.महा.न/2026/ दिनांक :-

ई-बिड सूचना

कृषि महाविद्यालय नौगांवा, अलवर में विभिन्न प्रकार के प्रयोगशाला उपकरणों की आपूर्ति की ई-बिड प्रपत्र वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं sppp.rajasthan.gov.in and www.sknau.ac.in पर देखा जा सकता है। पूर्ण रूप से भरी हुई निविदाए दिनांक 30.01.2026 अपराहानः 05.00 बजे तक Upload करवाई जा सकती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 31.01.2026 को सुबह 11.00 बजे टैण्डर समिति द्वारा खोली जावेगी।
UBN : SKN2526GLOB00381
NIB : SKN2526A0348
राज.संवाद/सी/25/18241 अधिष्ठाता

RajCOMP Info Services Limited (RISL)
C-Block, 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur
RISL द्वारा निम्न ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

NIB No./ Date/ Unique bid no.	Particulars	Estimated Cost	Start of sale / Last date
5946 Dated 20/01/2026 RIS2526SLOB00070	RFP for renewal of ATS, Subscription and Maintenance of existing IBM Engineered Machines at RSDC.	Rs. 13.25 Cr / Rs. 26.50 Lakh	20.01.2026 / 04.02.2026

विस्तृत जानकारी हेतु इन वेबसाईट पर सम्पर्क करें – http://risl.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://doitc.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in
Raj.Samwad/C/25/18260 Additional Director

अजमेर के दौलतखेड़ा विद्यालय में प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों से झाड़ू लगवाने का आरोप

- सरकारी आदेशों का खुला उल्लंघन, शिक्षा विभाग करेगा कार्रवाई
- प्रतिदिन अलग-अलग बच्चों को झाड़ू लगवाने का आरोप

मांगलियावास, (निसं)। अजमेर जिले के मांगलियावास के पास ग्राम पंचायत दौलतखेड़ा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रभावी प्रार्थना सभा से संबंधित राज्य सरकार के आदेशों का खुला उल्लंघन किए जाने का मामला सामने आया है। विद्यालय में प्रार्थना सभा के समय बच्चों से झाड़ू लगवाए जाने का आरोप है, जिससे वे प्रार्थना और नैतिक शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों में प्रभावी प्रार्थना सभा आयोजित करने तथा उसमें राष्ट्रीय और नैतिक शिक्षा को अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन दौलतखेड़ा विद्यालय में इन नियमों की अनदेखी की जा रही है। प्रतिदिन अलग-अलग बच्चों की ड्यूटी झाड़ू लगाने के लिए लगाई गई है। इसी दौरान हाल के दिनों में यह देखा गया कि कुछ बच्चे प्रार्थना सभा में बैठे थे, जबकि कुछ बच्चे उसी समय सफाई कार्य में लगे हुए थे।

इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुरक्षा मीणा ने बताया कि विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नहीं होने के कारण छात्रों से सफाई करवाई जाती है और यह एक ग्रामीण विद्यालय है।

वहीं, अतिरिक्त खंड शिक्षा अधि